(ग) दमन एवं सिलवासा संघ राज्य क्षेत्रों की राजधानियों सहित चार जिला मुख्यालयों में अभी फैक्स सुविधा प्रदान की जानी है।

(घ) 31.3.94 की स्थिति के अनुसार, गुजरात राज्य में 17 जिला मुख्यालयों में फैक्स सुविधा उपलब्ध है।

विवरण

अनुबंध

जिन जिला मुख्यालयों में फैक्स सुविधा प्रदान नहीं की गई है उनकी राज्य वार संख्या

क्रम सं॰	राज्य का नाम	संख्या
1.	अरूणाचल प्रदेश	12
2.	असम	121
3.	बिहार	4
4.	गुजरात	4
5.	हरियाणा	3
6.	हिमाचल प्रदेश	2
7.	जम्मू एंड कश्मीर	10
8.	केरल	1
9.	मध्य प्रदेश	10
10.	महाराष्ट्र	3
11.	मणिपुर	7
12.	मेघालय	4
13.	मिजोरम	2
14.	नागालैण्ड	6
15.	उड़ीसा	15
16.	पंजाब	7
17.	राजस्थान	7
18.	सिक्किम	3
19.	उत्तर प्रदेश	3
20.	पश्चिम बंगाल	3

विशेष टिप्पणी: शेष राज्यों के जिला मुख्यालयों में फैक्स सुविधा उपलब्ध है।

21.	संघ राज्य क्षेत्र	पोर्ट ब्लेयर, पांडीचेरी तथा कवारती को छोड़ कर सभी जिला मुख्यालयों में प्रदान की जानी है।

पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन कॉल घोटाला

6373. **श्री सोम पाल:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार का ध्यान दिनांक 9 अप्रैल, 1994 के "इंडियन एक्सप्रैस" में प्रकाशित इस आशय के समाचार की ओर दिया गया है जिसमें कहा गया है कि पंजाब में जगराव शहर में अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन कालें चोरी से की जाती हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस मामले में कोई जांच के आदेश दिए हैं;

(ग) यदि हां, तो इस कदाचार में अंतर्ग्रस्त लोगों के नाम क्या हैं तथा उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है; और

(घ) देश के अन्य भागों में भी हो रहे इस प्रकार के गोलमाल को रोकने के लिए सरकार कौन से स्थाई उपाय कर रही है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी, हां।

(ख) विभागीय तौर पर प्रारंभिक जांच की गई थी। तथापि समाचार में उल्लिखित आरोपों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

(ग) उपर्युक्त भाग (ख) के उत्तर के देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

(घ) आकस्मिक निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं और जरूरत पड़ने पर केन्द्रीय जांच ब्यूरों की सहायता ली जा रही है। अनाचार के मामलों से निपटने के लिए, महानगरीय शहरों में केन्द्रीय जांच ब्यूरों के विशेष जांच-कक्ष स्थापित किए जाने हैं। लाइनों के विपणन आदि जैसे अनाचार के उत्प्रेरकों और अनाचार से लाभ प्राप्त करने वालों के विरूद्ध कड़ी सजा का प्रावधान करने के लिए भारतीय तार अधिनियम, 1885 में और आगे संशोधन करने के उद्देश्य से लोक सभा में एक विधेयक प्रस्तुत किया गया है।

Extra Charges on STD/ISD by Five Star Hotels

6374. DR. ISHWAR CHANDRA GUPTA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Five Star Hotels charges